SUBJECT: GEOGRAPHY

CLASS: B.A. Part Ist (Hons.), PAPER-IInd, UNIT: Vth.

TOPIC: PAKISTAN (पाकिस्तान)

BY:— Dr. Sanjay Kumar, Assistant Professor, Dept. of Geography
D.B. College, Jaynagar, L.N.M.U., Darbhanga.
(Email: sanjaykumar.phd@gmail.com)

LECTURE No. 27

पाकिस्तान की सीमा ईरान से, उत्तर-पश्चिमी सीमा अफगानिस्तान से, दक्षिण-पूर्वी सीमा भारत से और दक्षिणी सीमा अरब सागर से मिलती है। पाकिस्तान का क्षेत्रफल 803940 वर्ग K.m. एवं जनसंख्या लगभग 21 करोड़ है।

⇒ भौतिक स्वरूप

→ पाकिस्तान को दो भौतिक इकाइयों में बाँटा जा सकता है -

1) पश्चिम में स्थित पर्वतीय और पठारी भाग :- उत्तर-पश्चिम की पर्वत श्रेणियाँ, बलूचिस्तान का पठार।

2) पूर्व में स्थित सिंधु का मैदानी क्षेत्र :- पंजाब का मैदान, थार का मरुस्थल।

→ पाकिस्तान के पश्चिमी भाग में बलूचिस्तान का पठार, किरथर, सुलेमान एवं हिंदुकुश की पर्वत श्रेणियाँ दक्षिण से उत्तर की ओर एक ही क्रम में स्थित हैं।

→ बलूचिस्तान में सुलेमान श्रेणी रीढ़ की भाँति स्थित हैं। इन श्रेणियों को केवल दो दर्रों (Passes) (हिन्दुकुश श्रेणी में स्थित खैबर दर्रा तथा किरथर श्रेणी में स्थित गोमल व बोलन दर्रों) के माध्यम से ही पार किया जा सकता है।

→ पाकिस्तान के उत्तरी भाग में क्वेटा, बन्नु व पेशावर के मैदानी भाग स्थित हैं, जिन्हें सुलेमान श्रेणी सिंधु के मैदान से पृथक करती है।

→ पाकिस्तान के उत्तरी भाग में हिन्दुकुश के दक्षिण-पूर्व में पोटवार का पठार स्थित है।

→ पूर्व में सिंधु नदी द्रोणी एक विशाल मैदान है, जो उत्तर में पोटवार पठार से दक्षिण में अरब सागर तक विस्तृत है।

Scanned with CamScanner

→ सिन्धु तथा उसके सहायक नदियों से अनेक नहरों का निर्माण किया गया है। यही कारण है कि, पाकिस्तान को नहरों का देश (countary of canals) भी कहा जाता है।

→ पाकिस्तान की दक्षिणी-पूर्वी सीमा पर मरुस्थलीय प्रदेश स्थित है। यह मरुस्थलीय भाग भारत के थार मरुस्थल का ही अंग है।

जलवायु

→ मानसूनी जलवायु प्रदेश में स्थित होते हुए भी पाकिस्तान की जलवायु पूर्णतः मानसूनी नहीं है। इसका कारण यह है कि सुलेमान तथा किरथर पर्वत अरब सागर से आने वाली मानसूनी पवनों को इस भाग में प्रवेश करने से रोक देते हैं।

→ विषम पठारी एवं पर्वतीय धरातल के कारण यहाँ तापांतर अधिक पाया जाता है। यहाँ शीत ऋतु में अत्यधिक ठण्ड पड़ती है, जहाँ उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान हिमांक से नीचे चला जाता है और शीत लहर चलती है। लाहौर का औसत वार्षिक तापमान 24°c, जबकि मुरी का औसत वार्षिक तापमान 7°c रहता है।

→ मैदानी भागों में ग्रीष्मकालीन तापमान ऊँचा रहता है। पाकिस्तान के पूर्वी भाग में स्थित जैकोबाबाद (54°c तक तापमान) विश्व के सर्वाधिक गर्म क्षेत्रों में से एक है।

→ पाकिस्तान का अधिकांश भाग अर्धशुष्क है। यहाँ की औसत वार्षिक वर्षा 50c.m. है। अधिकांश वर्षा जुलाई से सितम्बर के महीनों के मध्य वर्षा ऋतु में होती है। उत्तर-पश्चिमी भाग में शीतकाल में पश्चिम की ओर से आने वाले चक्रवातों से भी कुछ वर्षा प्राप्त होती है।

कृषि

→ देश के कुल क्षेत्रफल के लगभग 25% भाग पर कृषि, 6% पर पशुचारण एवं 4% पर वनाच्छादन है। कुल कृषित भूमि का 75% क्षेत्र पर खाद्यान्न तथा 25% क्षेत्र पर नकदी फसलें उगायी जाती हैं।

Scanned with CamScanner

→ यहाँ की मुख्य खाद्यान्न फसल गेहूँ है। देश की कृषित भूमि का 55% भूमि पर गेहूँ, 12% पर चना, 6% पर मक्का। प्रमुख खाद्यान्न उगाये जाते हैं।

→ कपास पाकिस्तान की प्रमुख नकदी फसल है, जो निचली सिन्धु घाटी में उगायी जाती है। बाजरा और तिलहन उन क्षेत्रों मे उगाए जाते हैं, जहाँ सिचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

उद्योग

→ पाकिस्तान में वस्त्र, कागज, चीनी, सीमेंट, रासायनिक खाद और चमड़े का सामान बनाने के कुछ महत्वपूर्ण उद्योग हैं। फैसलाबाद को पाकिस्तान का मैनचेस्टर कहा जाता है।

→ यह देश रसायन, ऑटोमोबाइल, वनस्पति तेल, खनिज तेल व अन्य खनिजों के लिए अन्य देशों पर निर्भर है। कराची पाकिस्तान का सबसे बड़ा औद्योगिक व व्यापारिक नगर है।

जनसंख्या

→ पाकिस्तान की कुल जनसंख्या लगभग 21 करोड़ है। यह एक इस्लामिक राष्ट्र है। पाकिस्तान का संवैधानिक नाम इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान है। उर्दू यहाँ की राष्ट्रीय भाषा है। यहाँ बोली जानेवाली भाषाएँ उर्दू, पंजाबी, सिंधी, पश्तो तथा बलूची है।

— x — x — x —

Scanned with CamScanner